MADHYA PRADESH AYURVIGYAN PARISHAD ADHINIYAM 1987
(HINDI)

डाक-व्यय की पूर्व-अदायगी
के बिना डाक द्वारा भेजे जाने
के लिए अनुमत, अनुमति-पत्र
क्र. भोपाल-505/ डब्ल्यू. पी.

पंजी क्रमांक भोपाल डिवी/पत्र
122 (एम. पी.)

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 133] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 29 मार्च 1996—चैत्र 9, शक 1918

चिकित्सा शिक्षा विभाग
मन्त्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 29 मार्च 1996

क्र. एफ. 1-27-95-चि.शि.-पचपन-मेडि-2.—मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1987 (क्रमांक 11 सन् 1990) की धारा 1 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, 1 अप्रैल 1996 को उस तारीख के रूप में नियत करती है, जिस तारीख को उक्त अधिनियम प्रवृत्त होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम में तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. निरंजन, उपसचिव

भोपाल, दिनांक 29 मार्च 1996

क्र. एफ. 1-27-95-चि.शि.-पचपन-मेडि-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ. 1-27-95-चि.शि.-पचपन-मेडि-2, दिनांक 29 मार्च 1996 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम में तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. निरंजन, उपसचिव

Bhopal, the 29th March 1996

No. F.1-27-95-ME-LV-Med-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of Section 1 of the Madhya Pradesh Ayurvigyan Parishad Adhiniyam, 1987 (No. 11 of 1990), the State Government hereby appoint the 1st April, 1996 as the date on which the said Adhiniyam shall come into force.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. S. NIRANJAN, Dy. Secy

265

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासन केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल में मुद्रित तथा प्रकाशित—1996

डाक-व्यय की पूर्व-अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. भोपाल-505/डब्ल्यू. पी.

पंजी क्रमांक भोपाल डिवीजन 122 (एम. पी.)

M P MEDICAL COUNCIL
BHOPAL
No. 185
DATE 29-01-1997

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 235 भोपाल, मंगलवार, दिनांक 24 जुलाई 1990—श्रावण 2, शक 1912

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक २४ जुलाई १९९०

क्र. ५१८४-२१-अ(प्रा.).—मध्यप्रदेश विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम, जिस पर दिनांक १० जुलाई, १९९० को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वि. वा. उमरेकर, उप सचिव.

मध्यप्रदेश अधिनियम

क्रमांक ११ सन् १९९०.

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९८७.

विषय-सूची

अध्याय १—प्रारम्भिक.

धाराएं :

१. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ.
२. परिभाषाएं.

अध्याय २—परिषद् का गठन और रजिस्ट्रार तथा अन्य अधिकारियों और सेवकों की नियुक्ति.

३. राज्य आयुर्विज्ञान परिषद् का निगमन.
४. परिषद् का गठन.
५. निर्वाचन का ढंग.
६. नाम निर्देशन या सदस्यता पर निर्बन्धन.
७. सदस्यों की पदावधि.
८. परिषद् का सम्मिलन.
९. परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के लिये भत्ते.
१०. रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारी.

अध्याय ३—राज्य चिकित्सक रजिस्टर का तैयार किया जाना और रखा जाना.

११. रजिस्टर का तैयार किया जाना
१२. रजिस्टर का रखा जाना.
१३. अतिरिक्त अर्हताओं का रजिस्ट्रीकरण.
१४. रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी के विशेषाधिकार.
१५. राज्य चिकित्सक रजिस्टर में नाम के प्रविष्ट किये जाने का प्रतिषेध करने या उसमें से नाम के हटाये जाने का निदेश देने की परिषद की शक्ति.
१६. परिषद् द्वारा राज्य चिकित्सक रजिस्टर में परिवर्तन.
१७. जांचों में प्रक्रिया.
१८. परिषद् के विनिश्चय के विरुद्ध अपील.

अध्याय ४—परिषद् निधि.

१९. परिषद् निधि.
२०. वे उद्देश्य जिनके लिये परिषद् निधि उपयोजित की जा सकेगी.

अध्याय ५—प्रकीर्ण

२१ इस अधिनियम या केन्द्रीय अधिनियम, १९५६ का स. १०२ में यथाउपबंधित के सिवाय व्यवसाय करने का प्रतिषेध.
२२. राज्य सरकार द्वारा नियंत्रण.
२३. परिषद् द्वारा दी जाने वाली जानकारी और उसका प्रकाशन.
२४. शास्ति.
२५. रिक्ति के कारण कार्यवाहियां आदि अविधिमान्य नहीं होंगी.
२६. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई का संरक्षण.
२७. राज्य सरकार द्वारा नियम बनाने की शक्ति.
२८. परिषद् द्वारा विनियम बनाने की शक्ति.

अध्याय ६—निरसन और संक्रमणकालीन उपबंध.

२९. संक्रमणकालीन उपबंध.
३०. चिकित्सा व्यवसायियों को लागू होने वाले साधारण उपबंध.
३१. निरसन तथा अन्य परिणाम.

अनुसूची.

मध्यप्रदेश अधिनियम

क्रमांक ११ सन् १९९०.

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९८७.

[दिनांक १० जुलाई, १९९० को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त हुई; अनुमति "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)" में दिनांक २८ जुलाई, १९९० को प्रथम बार प्रकाशित की गई.]

मध्यप्रदेश में चिकित्सा व्यवसायियों के रजिस्ट्रीकरण से संबंधित विधियों को समेकित और संशोधित करने तथा राज्य के लिए आयुर्विज्ञान परिषद् के गठन और उससे संसक्त विषयों के लिए उपबंध करने हेतु अधिनियम

भारत गणराज्य के अड़तीसवें वर्ष में मध्यप्रदेश विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

अध्याय १—प्रारंभिक.

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ.

१. (१) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९८७ है.

(२) इसका विस्तार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश पर है.

(३) यह ऐसी तारीख को प्रवृत्त होगा जिसे राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, नियत करे.

परिभाषाएं.

२. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "परिषद्" से अभिप्रेत है धारा ३ के अधीन स्थापित मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद्;

(ख) "भारतीय चिकित्सक रजिस्टर" से अभिप्रेत है भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९५६ (१९५६ का सं. १०२) की धारा २१ के अधीन रखा गया रजिस्टर;

(ग) "आयुर्विज्ञान" से अभिप्रेत है आधुनिक आयुर्विज्ञान की समस्त शाखाएं और उसके अन्तर्गत शल्य विज्ञान और प्रसूति विज्ञान (आब्स्टेट्रिक्स) भी है किन्तु उसके अन्तर्गत पशु आयुर्विज्ञान और शल्य विज्ञान नहीं है ;

(घ) "मान्यता प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हता" से अभिप्रेत है—

(एक) भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९५६ (१९५६ का सं. १०२) की अनुसूचियों में तत्समय सम्मिलित आयुर्विज्ञान अर्हताओं में से कोई अर्हता;

(दो) अनुसूची में विनिर्दिष्ट आयुर्विज्ञान अर्हताओं में से कोई अर्हता;

(ङ) "रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी" से अभिप्रेत है इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन राज्य चिकित्सक रजिस्टर में नामांकित कोई व्यक्ति;

(च) "विनियम" से अभिप्रेत है धारा २८ के अधीन बनाया गया कोई विनियम;

(छ) "राज्य चिकित्सक रजिस्टर" से अभिप्रेत है धारा ११ के अधीन रखा गया रजिस्टर.

अध्याय २—परिषद् का गठन और रजिस्ट्रार तथा अन्य अधिकारियों और सेवकों की नियुक्ति.

राज्य आयुर्विज्ञान परिषद् का निगम

३. (१) राज्य सरकार, यथाशक्य शीघ्र, अधिसूचना द्वारा, राज्य के लिए एक आयुर्विज्ञान परिषद् की स्थापना ऐसी तारीख से करेगी जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए.

(२) परिषद् मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद् के नाम से एक निगमित निकाय होगी और उसका शाश्वत उत्तराधिकार तथा सामान्य मुद्रा होगी और उसे जंगम तथा स्थावर दोनों प्रकार की सम्पत्ति अर्जित और धारण करने तथा इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, किसी ऐसी संपत्ति को जो उसके द्वारा धारित हो, अन्तरित करने तथा संविदा करने की और अपने गठन के प्रयोजनों के लिए आवश्यक समस्त अन्य बातें करने की शक्ति होगी और वह अपने निगमित नाम से वाद चला सकेगी तथा उक्त नाम से उसके विरुद्ध वाद चलाया जा सकेगा :

परन्तु परिषद्, राज्य सरकार की पूर्व अनुमति के बिना, अपने द्वारा धारित किसी संपत्ति को विक्रय, बंधक, पट्टे के रूप में या अन्यथा अंतरित नहीं करेगी या किसी व्यक्ति या अभिकरण से धन उधार नहीं लेगी.

परिषद् का गठन.

४. (१) परिषद् में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात् :—

(क) राज्य चिकित्सक रजिस्टर में नामांकित व्यक्तियों द्वारा अपने में से निर्वाचित पांच सदस्य;

(ख) पांच सदस्य जो राज्य सरकार द्वारा निम्नानुसार नाम निर्दिष्ट किये जाएंगे :—

5 + 1

(एक) इंडियन मेडिकल एसोसियेशन, मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा प्रस्तावित किये जाने वाले पांच व्यक्तियों के पैनल में से उक्त एसोसियेशन की राज्य शाखा का एक प्रतिनिधि; 1

(दो) राज्य में के विश्वविद्यालयों के आयुर्विज्ञान संकायों के सदस्यों में से एक सदस्य; 1

(तीन) मध्यप्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं (मध्यप्रदेश हैल्थ सर्विसेज) में से दो सदस्य जो प्रथम वर्ग का पद धारण करते हों, जिनमें से एक महिला डाक्टर होगी; 2

(चार) राज्य में के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में से एक का संकायाध्यक्ष (डीन); 1

(ग) संचालक, चिकित्सा सेवाएं, मध्यप्रदेश (डायरेक्टर, मेडिकल सर्विसेज, मध्यप्रदेश); 1

(२) संचालक, चिकित्सा सेवाएं (डायरेक्टर मेडिकल सर्विसेज) परिषद् का अध्यक्ष होगा और संकायाध्यक्ष; परिषद् का उपाध्यक्ष होगा.

(३) उपधारा (१) के अधीन निर्वाचित या नाम निर्दिष्ट प्रत्येक व्यक्ति का नाम राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा और सदस्य ऐसे प्रकाशन की तारीख से अपना-अपना पद ग्रहण करेंगे और, उनकी पदावधि के प्रयोजनों के लिए; यह समझा जाएगा कि उन्होंने अपना-अपना पद ऐसे प्रकाशन की तारीख से ग्रहण कर लिया है.

(४) उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा तथा उसकी ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो अध्यक्ष द्वारा उसे सौंपी जाएं.

निर्वाचन का ढंग.

५. (१) धारा ४ की उपधारा (१) के खण्ड (क) के अधीन निर्वाचन का संचालन परिषद् द्वारा ऐसे नियमों के अनुसार किया जाएगा जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त बनाए जाएं.

(२) जहां परिषद् के लिए किसी निर्वाचन के संबंध में कोई विवाद उद्भूत होता है, वहां वह ऐसी रीति में तथा ऐसी कालावधि के भीतर, जो विहित की जाए, राज्य सरकार को निर्देशित किया जाएगा, और उस पर राज्य सरकार का विनिश्चय अन्तिम और आबद्धकर होगा.

नाम निर्देशन या सदस्यता पर निर्बन्धन.

६. कोई भी व्यक्ति धारा ४ के अधीन निर्वाचन या नामनिर्देशन के लिए,—

(एक) पात्र नहीं होगा जब तक कि उसका नाम राज्य चिकित्सक रजिस्टर में न हो; और

(दो) दो से अधिक क्रमवर्ती अवधियों के लिए पात्र नहीं होगा.

सदस्यों की पदावधि.

७. (१) इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुये, कोई निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट सदस्य उस तारीख से, जिसको वह धारा ४ की उपधारा (३) में उपबंधित किए गए अनुसार अपना पद ग्रहण करता है, पांच वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा:

परन्तु पदावरोही सदस्य तब तक अपने पद पर बना रहेगा जब तक कि उसका उत्तराधिकारी अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता.

(२) किसी निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट सदस्य के संबंध में यह समझा जाएगा कि उसने अपना स्थान रिक्त कर दिया है, यदि वह, परिषद् की राय में, पर्याप्त प्रतिहेतु के बिना, परिषद् के तीन क्रमवर्ती साधारण सम्मिलनों से अनुपस्थित रहता है, अथवा यदि वह रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी नहीं रह जाता है.

(३) परिषद् में की कोई आकस्मिक रिक्ति, यथासंभव शीघ्र, यथास्थिति निर्वाचन या नामनिर्देशन द्वारा भरी जाएगी और उस रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट किया गया व्यक्ति, अपने पूर्ववर्ती की अनवसित अवधि के लिए पद धारण करेगा.

(४) जहां किसी सदस्य की बाबत् उक्त पांच वर्ष की अवधि का अवसान होने वाला हो, वहां किसी पदोत्तरवर्ती का निर्वाचन या नाम निर्देशन उक्त अवधि का अवसान होने के पूर्व तीन मास के भीतर किसी भी समय किया जा सकेगा किन्तु वह तब तक पद ग्रहण नहीं करेगा जब तक कि उक्त अवधि का अवसान न हो चुका हो.

८. (१) परिषद्, प्रत्येक वर्ष में कम से कम दो बार ऐसे समय और स्थान पर सम्मिलन करेगी जो अध्यक्ष द्वारा नियत किया जाए. परिषद् का सम्मिलन.

(२) जब तक विनियम द्वारा अन्यथा उपबंधित न किया जाए, परिषद् के पांच सदस्यों से, जिनमें से कम से कम एक अशासकीय सदस्य होगा, गणपूर्ति होगी और परिषद् के किसी सम्मिलन के समक्ष लाए गए समस्त प्रश्न, उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों के बहुमत से विनिश्चित किए जाएंगे और मतों के बराबर-बराबर होने की दशा में, पीठासीन प्राधिकारी का द्वितीय या निर्णायक मत होगा.

९. परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को सम्मिलनों में हाजिर होने के लिये ऐसे भत्तों का संदाय किया जाएगा जैसा कि परिषद्, विनियमों द्वारा, अवधारित करे. परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के लिए भत्ते.

१०. (१) परिषद् राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से, एक रजिस्ट्रार नियुक्त करेगी जो परिषद् के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा : रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारी.

परन्तु कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया जाने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी न हो :

परन्तु यह और भी कि धारा ३ की उपधारा (१) के अधीन परिषद् की स्थापना के लिए विनिर्दिष्ट की गई तारीख से प्रथम चार वर्षों के लिए, रजिस्ट्रार वह व्यक्ति होगा जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाए और वह अपना पद राज्य सरकार के प्रसादपर्यन्त धारण करेगा.

(२) परिषद्, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, अधिकारियों और सेवकों के उतने पद सृजित कर सकेगी जितने वह इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक समझे, और उन पर अधिकारियों और सेवकों की नियुक्त कर सकेगी :

परन्तु उन पदों पर, जिनका न्यूनतम वेतन १८२० रुपये या उससे अधिक हो, परिषद् द्वारा नियुक्तियां, राज्य सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना नहीं की जाएगी.

(३) रजिस्ट्रार के बारे में अर्हताएं, नियुक्ति और सेवा की शर्तें तथा वेतनमान ऐसे होंगे जो विहित किए जाएं और अन्य कर्मचारियों के बारे में वे ऐसे होंगे जो परिषद्, विनियमों द्वारा, उपबंधित करे.

(४) परिषद्, रजिस्ट्रार से या किसी अन्य कर्मचारी से उसके कर्तव्यों के सम्यक् पालन के लिए ऐसी प्रतिभूति अपेक्षित करेगी और लेगी जैसी कि वह आवश्यक समझे.

(५) इस धारा के अधीन परिषद् द्वारा नियुक्त रजिस्ट्रार और अन्य कर्मचारी भारतीय दण्ड संहिता, १८६०- (१८६० का सं. ४५) की धारा २१ के अर्थ के अन्तर्गत लोक सेवक समझे जाएंगे.

अध्याय 3—राज्य चिकित्सक रजिस्टर का तैयार किया जाना और रखा जाना.

११. (१) रजिस्ट्रार, राज्य के लिए, चिकित्सा व्यवसायियों का एक राज्य चिकित्सक रजिस्टर इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार तैयार करेगा और रखेगा. रजिस्टर का तैयार किया जाना.

(२) राज्य चिकित्सक रजिस्टर ऐसे प्ररूप में होगा और उसे ऐसे भागों में विभाजित किया जाएगा जैसा कि विहित किया जाए. रजिस्टर में रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी का पूरा नाम, पता और अर्हताएं, वह तारीख जिसको प्रत्येक अर्हता प्राप्त की गई थी तथा ऐसी अन्य विशिष्टियां होंगी जो विहित की जाएं.

(३) कोई भी व्यक्ति, जो, मान्यता प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हता रखता है, किसी भी समय, रजिस्ट्रार को विहित प्ररूप में आवेदन करने पर तथा ऐसी फीस का, जो विनियम द्वारा विहित की जाए, संदाय करने पर और यथास्थिति अपनी उपाधि (डिग्री) या डिप्लोमा, प्रस्तुत करने पर, विहित औपचारिकताओं के पूरे हो जाने के पश्चात्, मामूली तौर से तीन मास के भीतर, अपना नाम राज्य चिकित्सक रजिस्टर में प्रविष्ट कराने का हकदार होगा :

परन्तु यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक मान्यता-प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हताएं रखता है तो वह आवेदन में उन समस्त मान्यता प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हताओं का उल्लेख करेगा जो वह आवेदन करने की तारीख को रखता है :

परन्तु यह और भी कि किसी ऐसे आवेदक का, जो पर्याप्त हेतुक से, अपनी उपाधि या डिप्लोमा प्रस्तुत करने में असमर्थ है, एक वर्ष से अनधिक की कालावधि के लिए, अनंतिम रजिस्ट्रीकरण किया जा सकेगा यदि वह परिषद् का यह समाधान कर देता है कि वह ऐसी उपाधि या डिप्लोमा धारण करता है.

(४) उपधारा (३) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसे प्रत्येक व्यक्ति का, जिसका नाम महाकौशल मेडिकल काउन्सिल या मेडिकल काउन्सिल, भोपाल द्वारा रखे गए रजिस्टर में, इस अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती दिन को प्रविष्ट है, उसका नाम इस अधिनियम के अधीन तैयार किए गए राज्य चिकित्सक रजिस्टर में, उससे इस बात की अपेक्षा किए बिना प्रविष्ट किया जाएगा कि वह इस प्रयोजन के लिए आवेदन करे या किसी फीस का संदाय करें.

(५) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र विहित प्ररूप में दिया जाएगा. रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र या उसकी प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि अपने व्यवसाय के स्थान में किसी सहजदृश्य भाग पर प्रदर्शित करेगा.

रजिस्टर का रखा जाना.

१२. (१) परिषद् के रजिस्ट्रार का यह कर्तव्य होगा कि वह इस अधिनियम के तथा परिषद् द्वारा दिए गए किन्हीं आदेशों के उपबन्धों के अनुसार, राज्य चिकित्सक रजिस्टर रखे, और समय-समय पर उस रजिस्टर को विहित रीति में पुनरीक्षित करे. रजिस्ट्रार, चिकित्सक रजिस्टर को राजपत्र में प्रकाशित करवाएगा और वर्ष के दौरान किया गया प्रत्येक परिवर्तन प्रतिवर्ष राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा.

(२) ऐसा रजिस्टर भारतीय साक्ष्य अधिनियम, १८७२ (१८७२ का सं. १) के अर्थ के अन्तर्गत लोक दस्तावेज समझा जाएगा और राजपत्र में प्रकाशित प्रति द्वारा साबित किया जा सकेगा.

अतिरिक्त अर्हताओं का रजिस्ट्रीकरण.

१३. (१) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, जो राज्य चिकित्सक रजिस्टर में अपना नाम प्रविष्ट किए जाने के पश्चात्, कोई ऐसी पदवी (टाइटिल) उपाधि या डिप्लोमा, जो मान्यता प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हता है, प्राप्त कर लेता है, तो वह उसकी प्रविष्टि इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार राज्य चिकित्सक रजिस्टर में करवाने के लिए आबद्ध होगा.

(२) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, जिसे उपधारा (१) लागू होती है, कोई पदवी, उपाधि या डिप्लोमा, जो मान्यता-प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हता है, प्राप्त कर लेने पर, ऐसी पदवी, उपाधि या डिप्लोमा की प्रविष्टि राज्य चिकित्सक रजिस्टर में या तो पूर्व में की गई किसी प्रविष्टि के स्थान पर या उसके अतिरिक्त कराने के लिए, ऐसे प्ररूप में और ऐसी कालावधि के भीतर जो विहित की जाए, तथा प्राप्त की गई प्रत्येक अर्हता के लिए ऐसी फीस, जो विनियमों द्वारा विहित की जाए, के साथ परिषद् को आवेदन करेगा :

परन्तु जहाँ ऐसी पदवी, उपाधि या डिप्लोमा इस अधिनियम के प्रारम्भ होने की तारीख के पूर्व प्राप्त किया गया हो, वहाँ ऐसा आवेदन ऐसे प्रारम्भ की तारीख से छह मास के भीतर किया जाएगा.

(३) उपधारा (१) के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर, परिषद् पदवी, उपाधि या डिप्लोमा की प्रविष्टि विहित औपचारिकताओं के पूरे हो जाने के पश्चात्, मामूली तौर में तीन मास के भीतर, राज्य चिकित्सक रजिस्टर में करेगी.

(४) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, जिसने कोई अतिरिक्त अर्हता प्राप्त कर ली है, ऐसी अर्हता का उपयोग व्यवसाय के प्रयोजन के लिए या किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए अथवा व्यवसाय के दौरान उससे को लाभ प्राप्त करने के लिए या नियोजन के प्रयोजन के लिए करने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि उसने उस अर्हता की प्रविष्टि इस धारा के उपबन्धों के अनुसार राज्य चिकित्सक रजिस्टर में न करा ली हो.

रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी के विशेषाधिकार.

१४. (१) इस अधिनियम या भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९५६ (१९५६ का सं. १०२) में कतिपय मान्यता-प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हताएं रखने वाले व्यक्तियों द्वारा चिकित्सा व्यवसाय किए जाने के बारे में जो शर्तें और निर्बन्धन अधिकथित हैं, उनके अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक ऐसा व्यक्ति, जिसका नाम राज्य चिकित्सक रजिस्टर में तत्समय है, इस बात का हकदार होगा कि वह अपनी अर्हताओं के अनुसार, राज्य के भीतर चिकित्सा व्यवसायी के रूप में व्यवसाय करे और ऐसे व्यवसाय के संबंध में औषधियों (मेडिकामेन्ट्स) या अन्य साधित्रों की बाबत् कोई व्यय, प्रभार या कोई फीस, जिनको कि वह हकदार हो, वसूल करे.

(२) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन किसी चिकित्सा व्यवसायी द्वारा दिया जाने के लिये अपेक्षित प्रमाण-पत्र तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि वह किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी द्वारा हस्ताक्षरित न हो और उस पर उसके नाम तथा रजिस्ट्रीकरण क्रमांक की मुद्रा न लगी हो.

(३) रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी द्वारा दिए गए प्रत्येक औषध-पत्र (प्रिस्क्रिप्शन) पर ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी के नाम तथा रजिस्ट्रीकरण क्रमांक की मुद्रा होगी.

(४) रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी से भिन्न कोई भी व्यक्ति किसी अस्पताल, पागलखाने, रुग्णालय, औषधालय या किसी अन्य आयुर्विज्ञान संस्था में चिकित्सक (फिजिशियन), शल्य चिकित्सक या चिकित्सा अधिकारी के रूप में या स्वास्थ्य अथवा आयुर्विज्ञान की किसी अन्य संबद्ध शाखा में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कोई भी पद धारण करने का पात्र नहीं होगा.

राज्य चिकित्सक रजिस्टर में नाम के प्रविष्ट किए जाने का प्रतिषेध करने या उसमें से नाम के हटाए जाने का निर्देश देने की परिषद् की शक्ति.

१५. परिषद्, रजिस्ट्रार से निर्देश प्राप्त होने पर या अन्यथा, राज्य चिकित्सक रजिस्टर में किसी ऐसे व्यक्ति का नाम प्रविष्ट किए जाने का प्रतिषेध कर सकेगी या उस रजिस्टर में से किसी ऐसे व्यक्ति का नाम हटाए जाने का आदेश दे सकेगी—

(क) जिसे किसी दण्ड न्यायालय ने किसी ऐसे अपराध के लिए कारावास से दण्डादिष्ट किया हो जो परिषद् की राय में उसके चरित्र में कोई ऐसा दोष उपदर्शित करता हो कि जिससे राज्य चिकित्सक रजिस्टर में उसका नामांकन किया जाना या राज्य चिकित्सक रजिस्टर में उसके नाम का बना रहना अवांछनीय हो जाए; या

(ख) जिसे परिषद् ने, ऐसी जांच के पश्चात् जिसमें उसे स्वयं सुनवाई का अवसर दिया गया हो और जो परिषद् के विवेकानुसार बन्द कमरे में की जा सकेगी, परिषद् के सम्मिलन में उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत द्वारा, किन्तु ऐसे सदस्य पांच से कम नहीं होंगे, किसी वृत्तिकर प्रसंग में गर्हित आचरण का दोषी पाया हो.

परिषद् द्वारा राज्य चिकित्सक रजिस्टर में परिवर्तन.

१६. (१) परिषद्, सम्बंधित व्यक्ति को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर देने और उसके आक्षेपों की, यदि कोई हों, जांच करने के पश्चात्, यह आदेश दे सकेगी कि राज्य चिकित्सक रजिस्टर में की कोई ऐसी प्रविष्टि, जो परिषद् की राय में, कपटपूर्वक या गलती से की गई है, या करवा दी गई है, रद्द कर दी जाए या संशोधित की जाए.

(२) परिषद् किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी का नाम राज्य चिकित्सक रजिस्टर में से सदैव के लिए या किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए हटाए जाने का निदेश उन्हीं कारणों से दे सकेगी जिनके आधार पर उसके द्वारा रजिस्ट्रीकरण का धारा १५ के अधीन प्रतिषेध किया जा सकता है.

(३) परिषद् यह निदेश दे सकेगी कि उपधारा (२) के अधीन हटाया गया कोई भी नाम, ऐसी शर्तों के, यदि कोई हों, जिन्हें परिषद् अधिरोपित करना उचित समझे, अध्यधीन रहते हुए, पुनः स्थापित किया जाए.

जांचों में प्रक्रिया.

१७. धारा १२, १५ या १६ के अधीन किसी जांच के प्रयोजन के लिए, परिषद् या धारा २९ के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा प्राधिकृत कोई समिति, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, १८७२ (१८७२ का सं. १) के अर्थ के अन्तर्गत न्यायालय समझी जाएगी, और वह लोक सेवक (जांच) अधिनियम, १८५० (१८५० का सं. ३७) के अधीन नियुक्त आयुक्त की समस्त शक्तियों का प्रयोग करेगी, और ऐसी जांचे यथाशक्य लोक सेवक (जांच) अधिनियम, १८५० (१८५० का सं. ३७) की धारा ५ के तथा धारा ८ से २० तक के उपबन्धों के अनुसार संचालित की जाएंगी.

परिषद् के विनिश्चय के विरुद्ध अपील.

१८. (१) कोई भी व्यक्ति, जो धारा १२, १५ या १६ के अधीन किए गए परिषद् के विनिश्चय से व्यथित हो, राज्य सरकार को अपील कर सकेगा.

(२) उपधारा (१) के अधीन कोई अपील, ऐसे विनिश्चय की प्रतिलिपि सम्बंधित पक्षकार को प्राप्त होने की तारीख से तीन मास के भीतर की जाएगी और उसके साथ ऐसी फीस होगी जो विनियम द्वारा विहित की जाए.

अध्याय ४—परिषद् निधि

परिषद् निधि.

१९. (१) परिषद् एक निधि स्थापित करेगी जो परिषद् निधि कहलाएगी.

(२) निम्नलिखित परिषद् निधि के भाग रूप होंगे, या उनका उसमें संदाय किया जाएगा :—

(क) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा कोई अभिदाय या अनुदान;

(ख) फीस से हुई आय को सम्मिलित करते हुए, परिषद् की समस्त स्रोतों से आय;

(ग) न्यास, वसीयत (विक्वेस्ट), संदान, विन्यास और अन्य अनुदान, यदि कोई हो;

(घ) परिषद् द्वारा प्राप्त समस्त अन्य धनराशियां.

वे उद्देश्य जिनके लिए परिषद् निधि उपयोजित की जा सकेगी.

२०. परिषद् निधि निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए उपयोज्य होगी, अर्थात् :—

(क) उन ऋणों के प्रतिसंदाय के लिए जो परिषद् द्वारा इस अधिनियम के और उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा विनियमों के प्रयोजनों के लिए उपगत किए गए हों ;

(ख) किसी ऐसे वाद या किन्हीं ऐसी कार्यवाहियों के व्ययों के लिए जिनमें परिषद् एक पक्षकार हो ;

(ग) परिषद् के कर्मचारियों के वेतनों तथा भत्तों के संदाय के लिए;

(घ) परिषद् के पदाधिकारियों (आफिस बियरर्स) को भत्तों के संदाय के लिए ;

(ङ) किन्हीं ऐसे व्ययों के संदाय के लिए जो इस अधिनियम के और उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा विनियमों के उपबंधों को कार्यान्वित करने में परिषद् द्वारा उपगत किए गए हों.

अध्याय 5—प्रकीर्ण.

इस अधिनियम या केन्द्रीय अधिनियम, १९५६ का सं. १०२ में यथा उपबंधित के सिवाय व्यवसाय करने का प्रतिषेध.

२१. इस अधिनियम या भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९५६ (१९५६ का सं. १०२) में यथा उपबंधित के सिवाय, कोई भी व्यक्ति राज्य के भीतर चिकित्सा व्यवसाय नहीं करेगा अथवा स्वयं को प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः इस रूप में व्यपदेशित नहीं करेगा कि वह चिकित्सा-व्यवसाय करता है.

राज्य सरकार द्वारा नियंत्रण.

२२. यदि किसी भी समय राज्य सरकार को यह प्रतीत होता है कि परिषद् ने इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों में से किसी शक्ति का प्रयोग करने में चूक की है या अतिरेक किया है या उसका दुरुपयोग किया है अथवा इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन उस पर अधिरोपित कर्त्तव्यों में से किसी कर्त्तव्य का पालन करने में चूक की है, तो राज्य सरकार, यदि वह ऐसी चूक, अतिरेक या दुरुपयोग को गंभीर प्रकृति का समझती है, उसकी विशिष्टियाँ परिषद् को अधिसूचित कर सकेगी, और यदि परिषद् ऐसे समय के भीतर, जो राज्य सरकार इस निमित्त नियत करे, ऐसी चूक, अतिरेक या दुरुपयोग का उपचार करने में असफल रहती है, तो राज्य सरकार, परिषद् को दो वर्ष की कालावधि के लिए, जो राज्य सरकार द्वारा एक बार में एक वर्ष से अधिक न होने वाली कालावधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी, विघटित कर सकेगी, किन्तु विघटन की कालावधि कुल मिलाकर पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी, और परिषद् की समस्त शक्तियों और कर्तव्यों या उनमें से किसी शक्ति और कर्तव्य का प्रयोग और पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा, और ऐसी कालावधि के लिए जिसे वह ठीक समझे, करवा सकेगी और नई परिषद् को अस्तित्व में लाने की कार्यवाही करेगी.

परिषद् द्वारा दी जाने वाली जानकारी और उसका प्रकाशन.

२३. (१) परिषद् ऐसी रिपोर्टें, अपने ऐसे कार्यवृत्तों की प्रतिलिपियाँ, अपने ऐसे लेखाओं की संक्षिप्तियाँ (एब्स्ट्रेक्ट्स) तथा ऐसी अन्य जानकारी राज्य सरकार को देगी जो राज्य सरकार अपेक्षित करे.

(२) राज्य सरकार, इस धारा के अधीन उसे दी गई किसी रिपोर्ट, प्रतिलिपि, संक्षिप्त या अन्य जानकारी को ऐसी रीति में प्रकाशित कर सकेगी जैसी कि वह उचित समझे.

शास्ति.

२४. यदि कोई व्यक्ति, जिसका नाम राज्य चिकित्सक रजिस्टर में अंकित नहीं है, रजिस्टीकृत चिकित्सा व्यवसायी के रूप में व्यवसाय करेगा तो वह, कठोर कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, और जुर्माने से जो पांच हजार रुपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा :

परन्तु—

(एक) ऐसा व्यक्ति, जो बैचलर इन आयुर्वेदिक विथ मार्डन मेडिसिन एण्ड सर्जरी की उपाधि रखता हो और मध्यप्रदेश आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड में रजिस्ट्रीकृत हो, विरल चिकित्सीय औषधियाँ (एलोपैथिक मेडिसिन्स) विहित करने या शल्य चिकित्सा व्यवसाय करने के लिये, इस धारा के अधीन दण्डनीय नहीं होगा यदि उसका रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र उसे ऐसा करने के लिए प्राधिकृत करता है;

(दो) ऐसा चिकित्सा व्यवसायी, जो भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९५६ (१९५६ का सं. १०२) की धारा २७ के विशेषाधिकारों का हकदार हो, मध्यप्रदेश में उसका रजिस्ट्रीकरण न होने के कारण इस धारा के अधीन दण्डनीय नहीं होगा.

रिक्ति के कारण कार्यवाहियाँ आदि अविधिमान्य नहीं होंगी.

२५. परिषद् का कोई कार्य या उसकी कोई कार्यवाही केवल इस कारण अविधिमान्य नहीं होगी कि—

(क) उसमें कोई रिक्ति है या उसके गठन में कोई त्रुटि है; या

(ख) उसके सदस्य के रूप में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के निर्वाचन या नामनिर्देशन में कोई त्रुटि है; या

(ग) उसकी प्रक्रिया में कोई ऐसी अनियमितता है जो मामले के गुणागुण पर प्रभाव नहीं डालती है.

२६. इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी भी बात के लिए कोई सद्भावपूर्वक की गई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही राज्य सरकार, परिषद् या उसकी किसी समिति, या सरकार के या परिषद् कार्रवाई का संरक्षण. के किसी अधिकारी या सेवक के विरुद्ध नहीं होगी.

२७. (१) राज्य सरकार, इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम, अधिसूचना द्वारा बना सकेगी. राज्य सरकार द्वारा नियम बनाने की शक्ति.

(२) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित समस्त विषयों या उनमें से किसी भी विषय के लिए उपबंध हो सकेंगे, अर्थात् :-

(क) रजिस्ट्रार की अर्हताएं, नियुक्ति तथा सेवा की शर्तें, उसका वेतनमान, पदावधि तथा शक्तियां और कर्तव्य;

(ख) कोई भी अन्य विषय जो विहित किया जाना हो या विहित किया जाए.

(३) इस अधिनियम के अधीन बनाए गए समस्त नियम विधान सभा के पटल पर रखे जायेंगे.

२८. परिषद्, साधारणतः इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए विनियम, राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से बना सकेगी, और इस शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे विनियमों में निम्नलिखित के लिए उपबंध हो सकेंगे :— परिषद् द्वारा विनियम बनाने की शक्ति.

(क) परिषद् की संपत्ति का प्रबंध तथा उसके लेखाओं का रखा जाना और उनकी संपरीक्षा;

(ख) परिषद् के सम्मिलनों का बुलाया जाना और किया जाना, वह समय जब और वह स्थान जहां ऐसे सम्मिलन किए जाने हों तथा उनमें कामकाज का संचालन;

(ग) परिषद् के सदस्यों का त्यागपत्र;

(घ) अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की शक्तियां तथा कर्तव्य;

(ङ) समिति की नियुक्ति का ढंग, ऐसी समितियों के सम्मिलनों का बुलाया जाना और किया जाना तथा ऐसी समितियों के कामकाज का संचालन;

(च) परिषद् के अन्य कर्मचारियों की अर्हताएं और सेवा की शर्तें;

(छ) इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण के आवेदन में कथित की जाने वाली विशिष्टियां तथा उसके साथ दिया जाने वाला अर्हताओं का सबूत;

(ज) इस अधिनियम के अधीन किए गए आवेदनों तथा अपीलों पर संदत्त की जाने वाली फीस;

(झ) राज्य चिकित्सक रजिस्टर में अतिरिक्त अर्हता प्रविष्ट कराने के लिए संदत्त की जाने वाली फीस; और

(ञ) कोई भी विषय जिसके कि लिए इस अधिनियम के अधीन उपबंध विनियमों द्वारा किया जा सकता हो.

अध्याय ६—निरसन और संक्रमणकालीन उपबंध

२९. (१) राज्य सरकार, इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार परिषद् को अस्तित्व में लाने के लिए, संचालक, चिकित्सा सेवाएं, मध्यप्रदेश को इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पश्चात् प्रथम बार स्थापित की जाने वाली परिषद् के निर्वाचन का संचालन करने के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त कर सकेगी. संक्रमणकालीन उपबंध.

(२) धारा 3 की उपधारा (१) के अधीन परिषद् की स्थापना होने तक, उपधारा (१) के अधीन नियुक्त विशेष अधिकारी को इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, धारा ३ की उपधारा (१) के अधीन स्थापित परिषद् समझा जाएगा, और वह परिषद् की शक्तियों का प्रयोग और उसके कृत्यों का निर्वहन करेगा.

३०. इस अधिनियम के उपबंध, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, १९५६ (१९५६ का सं. १०२), के उन उपबंधों के, जिनमें समस्त चिकित्सा व्यवसायियों को लागू होने वाले साधारण उपबंध अन्तर्विष्ट हैं, अतिरिक्त हैं, न कि उनके अल्पीकारक. चिकित्सा व्यवसायियों को लागू होने वाले साधारण उपबंध.

३१. इस अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख से, निम्नलिखित परिणाम होंगे, अर्थात् :— निरसन तथा अन्य परिणाम.

(क) सेन्ट्रल प्राविन्सेज एण्ड बरार मेडिकल रजिस्ट्रेशन एक्ट, १९१६ (क्रमांक १ सन् १९१६), और मध्यप्रदेश स्टेट्युटरी बॉडीज (रीजनल अन्टीट्यूशन) एक्ट, १९५६ (क्रमांक १७ सन् १९५६) जहां तक कि वह उक्त एक्ट से सम्बंधित है, मध्यभारत चिकित्सा व्यवसायी रजिस्ट्रीकरण विधान, १९५८

(विधान क्रमांक १६ सन् १९५४), तथा मेडिकल प्रेक्टिशनर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट, १९३५ (भोपाल एक्ट क्रमांक ७ सन् १९३५), जहां तक कि वह धारा २ के खण्ड (ग) में यथापरिभाषित चिकित्सा व्यवसाय करने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों से सम्बंधित है, निरस्त हो जायेंगे;

(ख) महाकौशल मेडिकल काउन्सिल, मध्य भारत (रीजन) चिकित्सा परिषद् तथा मेडिकल प्रेक्टिशनर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट, १९३५ (भोपाल एक्ट क्रमांक ७ सन् १९३५) की धारा ३ के अधीन स्थापित मेडिकल काउन्सिल विघटित हो जाएंगी;

(ग) खण्ड (ख) में निर्दिष्ट काउन्सिल/परिषद् की समस्त आस्तियां और दायित्व, धारा 3 के अधीन स्थापित या स्थापित समझी गई परिषद् की आस्तियां तथा दायित्व हो जायेंगे और समझे जायेंगे;

(घ) खण्ड (ख) में निर्दिष्ट काउन्सिल/परिषद् के समस्त अभिलेख और कागजपत्र, धारा ३ के अधीन स्थापित या स्थापित समझी गई परिषद् में निहित हो जायेंगे और उसे अन्तरित कर दिए जायेंगे.

अनुसूची

[धारा २ (घ) देखिए]

आयुर्विज्ञान संस्था जिसके द्वारा प्रदान की गई है	मान्यता-प्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हताएं	रजिस्ट्रीकरण के लिए संक्षेपाक्षर
(१)	(२)	(३)
रावटसन मेडिकल स्कूल, नागपुर	रूरल मेडिकल प्रेक्टिशनर डिलोमा	आर. एम. पी.
	इन मेडिकल प्रेक्टिस	डी. एम. पी.

भोपाल, दिनांक 21 जुलाई 1990

क्र. 5185-इक्कीस-अ. (प्रा.).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1987 (क्रमांक 11 सन् 1990) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

वि. वा. उमरेकर, उपसचिव.

MADHYA PRADESH AYURVIGYAN PARISHAD

ADHINIYAM, 1987

MADHYA PRADESH ACT

No. 11 of 1990

THE MADHYA PRADESH AYURVIGYAN PARISHAD ADHINIYAM, 1987.

TABLE OF CONTENTS

Sections :

CHAPTER I—PRELIMINARY

1. Short title extent and commencement.
2. Definitions.

CHAPTER II—CONSTITUTION OF THE COUNCIL AND APPOINTMENT OF REGISTRAR AND OTHER OFFICERS AND SERVANTS.

3. Incorporation of State Medical Council.
4. Constitution of Council.
5. Mode of Election.
6. Restriction on nomination or membership.
7. Terms of office of members.
8. Meeting of Council.
9. Allowances to President, Vice-President and Members of the Council.
10. Registrar and others officers.

CHAPTER III—PREPARATION AND MAINTENANCE OF STATE MEDICAL REGISTER

11. Preparation of Register.
12. Maintenance of Register.
13. Registration of additional qualifications.
14. Privileges of registered practitioner.
15. Power of Council to prohibit entry or to direct removal from State Medical Register.
16. Alteration of State Medical Register by Council.
17. Procedure in enquiries.
18. Appeal against decision of council.

CHAPTER IV—COUNCIL FUND

19. Council Fund.
20. Objects to which Council Fund may be applied.

CHAPTER V—MISCELLANEOUS

21. Prohibition from practice except as provided in this Act or Central Act No. 102 of 1956.
22. Control by State Government.
23. Information to be furnished by Council and publication thereof.
24. Penalty.
25. Vacancy not to invalidate proceedings etc.
26. Protection of action taken in good faith.
27. Power to make rules by State Government.
28. Power to make regulations by Council.

CHAPTER VI—REPPEAL AND TRANSITIONAL PROVISIONS

29. Transitional provisions.
30. General provisions applicable to medical practitioners.
31. Repeal and other consequences.

SCHEDULE

MADHYA PRADESH ACT

No. 11 of 1990

THE MADHYA PRADESH AYURVIGYAN PARISHAD ADHINIYAM, 1987.

[Received assent of the President on the 10th July 1990; assent first published in the "Madhya Pradesh Gazette (Extra-ordinary)", dated the 24th July, 1990.]

An Act to consolidate and amend the laws relating to registration of practitioners of medicine in Madhya Pradesh and to make provisions for constitution of the Medical Council for the State and for matters connected therewith.

Be it enacted by the Madhya Pradesh Legislature in the Thirty-Eighth Year of the Republic of India as follows :—

CHAPTER I—PRELIMINARY

Short title extent and commencement.

1. (1) This Act may be called the Madhya Pradesh Ayurvigyan Parishad Adhiniyam, 1987.

(2) It extends to the whole of Madhya Pradesh.

(3) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification, appoint.

Definitions.

2. In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) "Council" means the Madhya Pradesh Ayurvigyan Parishad established under section 3 ;

(b) "Indian Medical Register" means the register maintained by the Medical Council of India under section 21 of the Indian Medical Council Act, 1956 (No. 102 of 1956) ;

(c) "Medicine" means modern scientific medicine in all its branches and includes surgery and obstetrics, but does not include veterinary medicine and surgery ;

(d) "recognised medical qualification" means—

(i) any of the medical qualifications for the time being, included in the Schedules to the Indian Medical Council Act, 1956 (No. 102 of 1956) ;

(ii) any of the medical qualifications specified in the Schedule ;

(e) "registered practitioner" means any person enrolled on the State Medical Register under the Provisions of this Act ;

(f) "regulation" means a regulation made under section 28 ;

(g) "State Medical Register" means a register maintained under Section 11.

CHAPTER II—CONSTITUTION OF THE COUNCIL AND APPOINTMENT OF REGISTRAR AND OTHER OFFICERS AND SERVANTS.

Incorporation of State Medical Council.

3. (1) The State Government shall, as soon as may be, establish, by notification a Medical Council for the State with effect from such date as may be specified therein.

(2) The Council shall be a body corporate by the name of the Madhya Pradesh Ayurvigyan Parishad and shall have perpetual succession and a common seal with power to acquire and hold property, both movable and immovable, and subject to the provisions of this Act to transfer any property held by it and to contract and do all other things necessary for the purposes of its constitution and may sue and be sued in its corporate name:

Provided that the council shall not transfer any property held by it by way of sale, mortgage, lease or otherwise or borrow money from any person or agency without the previous permission of the State Government.

4. (1) The Council shall consist of the following members, namely:— Constitution of Council.

(a) five members elected from amongst themselves by persons enrolled on the State Medical Register;

(b) five members to be nominated by the State Government as follows—

(i) one representative of the Indian Medical Association, Madhya Pradesh State Branch out of the panel of five persons to be proposed by the State Branch of the said Association;

(ii) one member from amongst the member of Medical faculties of the Universities in the State;

(iii) two members from amongst the Madhya Pradesh Health Services holding class I post out of whom one shall be a lady doctor;

(iv) a Dean of one of the Government medical colleges in the State;

(c) Director Medical Services, Madhya Pradesh.

(2) The Director of Medical Services shall be the President of the Council and the Dean shall be the Vice-President of the Council.

(3) The name of every person elected or nominated under sub-section (1) shall be published in the Gazette and the members shall enter and shall, for the purposes of their term, be deemed to have entered upon their respective offices with effect from the date of such publication.

(4) The Vice-President shall perform such duties and exercise such powers of the President as may be assigned to him by the President.

5. (1) An election under clause (a) of sub-section (1) of Section (4) shall be conducted by the Council in accordance with such rules as may be made by the State Government in this behalf. Mode of Election.

(2) Where any dispute arises regarding any election to the Council, it shall be referred to the State Government in such manner and within such period as may be prescribed and the decision of the State Government thereon shall be final and binding

Restriction on nomination or membership.

6. No person shall be eligible for election or nomination under Section 4,—

(i) unless his name is borne on the State Medical Register; and

